Result Mitra Daily Magazine

इजरायल–लेबनान संघर्ष विराम

➢ **हालिया संदर्भ :**

- इसराइल एवं लेबनान ने 27 नवंबर को युद्ध–विराम पर हस्ताक्षर किए, जिससे 13 महीने का लंबा संघर्ष समाप्त हो गया।
- युद्ध–विराम का यह प्रस्ताव USA के राष्ट्रपति जो बिडेन द्वारा लाया गया था।
- व्हाइट हाउस के अनुसार, यह प्रस्ताव दोनों देशों के बीच शत्रुता की स्थायी समाप्ति से संबंधित है तथा लेबनान में हिजबुल्लाह के बचे हुए आतंकवादियों को इजराइल के खिलाफ किसी भी प्रकार के सुरक्षा–खतरा उत्पन्न करने की अनुमति नहीं देता है।
- यह विराम–प्रस्ताव 2006 में UNSC द्वारा पारित 'संकल्प–1701' के प्रावधानों पर आधारित है।

Note :– 'ब्लू–लाइन' इजराइल–लेबनान के बीच वास्तविक सीमा है, जिसे UN द्वारा प्रस्तावित किया गया था।

➢ संकल्प–1701 :

- UNSC द्वारा निर्धारित इस संकल्प का उद्देश्य इजराइल एवं लेबनान के बीच शत्रुता को समाप्त करते हुए एक बफर जोन का निर्माण करना है।
- संकल्प का तात्कालिक उद्देश्य वर्ष 2000 में ब्लू–लाइन और इजरायल द्वारा कब्जा किए गए 'गोलन हाइट्स' के साथ दक्षिणी लेबनान से इजरायली सेना की वापसी कार्यक्रम को संपन्न करना था।
- दरअसल वर्ष 2006 में हिजबुल्लाह द्वारा तीन इजरायली सैनिकों की हत्या के बाद इजरायल ने लेबनान पर आक्रमण कर दिया था, जो युद्ध एक महीने से ज्यादा समय तक चला था।

➢ प्रस्ताव के मुख्य प्रावधान :

- ताइफ समझौते एवं संकल्प 1559 (वर्ष 2004) एवं संकल्प 1680 (वर्ष 2006) के प्रावधानों का कार्यान्वयन जिसमें लेबनान में सभी सशस्त्र समूहों के निरस्तीकरण का प्रावधान है, ताकि लेबनान में राज्य के अलावा कोई अन्य हथियार प्राधिकरण न हो।
- सरकार की सहमति के बिना लेबनान में कोई विदेशी सेना नहीं होगी।
- लेबनान को हथियारों एवं संबंधित सामग्रियों की बिक्री आपूर्ति नहीं की जा सकती, बशर्ते कि इसे लेबनान सरकार द्वारा अधिकृत किया गया हो।
- ब्लू–लाइन के लिए दोनों पक्षों द्वारा पूर्ण सम्मान एवं इसके सुरक्षा के लिए ब्लू–लाइन एवं लिटानी नदी के बीच लेबनानी सैन्य अधिकारी एवं UNIFIL के अलावा अन्य कोई सैन्य कर्मी नहीं होंगे।

Note :– उपरोक्त व्यवस्था के लिए UN ने 15000 UN Peace Keeping (UNPK) सैनिकों को अधिकृत किया था।

Note :– UNIFIL का पूरा नाम United Nations Interim Force in Lebanon है।

- इसकी स्थापना UNSC ने मार्च 1978 में प्रस्ताव 425 एवं 426 के द्वारा किया था।

वर्तमान प्रस्ताव :

- US समर्थित वर्तमान प्रस्ताव संकल्प–1701 के प्रावधानों के अधीन है, जिसमें 60 दिनों के भीतर इजराइल एवं हिजबुल्लाह के बीच शत्रुता समाप्त करने का प्रावधान है।
- इस अवधि में हिजबुल्लाह सीमा से 40 km दूर चली जाएगी तथा इजरायली थल सेना भी अक्टूबर 2023 से अपने कब्जे वाली लेबनानी क्षेत्र से हट जाएगी।
- सीमा पर हिज्बुल्लाह पर कड़ी निगरानी के लिए UNPKF, लेबनानी सेना एवं बहुराष्ट्रीय समिति अधिकृत की गई है।
- इजराइल ने कहा है कि अगर समझौते का उल्लंघन होता है तो वह दोबारा ज्यादा हिंसक हमले करेगा।